# फरीदपुर टोल प्लाजा पर युवक की दुर्घटना में मौत

## दोस्तों के साथ बरात में शामिल होने जा रहा था, साथी घायल

संवाददाता, फरीदपुर

- बरेली के थाना किला क्षेत्र का रहने वाला था युवक
- वाहन चालक फरार, पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल

**अमृत विचार** दोस्तों के साथ शादी में शामिल होने जा रहे युवक की फरीदपुर में टोल प्लाजा पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई जबकि साथी गंभीर घायल हो गया है। उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

रविंद्र पुत्र पोशकी (35) निवासी डोली रघुवर दयाल थाना किला अपने तीन दोस्तों के साथ बाइक से फरीदपुर के ग्राम खल्लपुर में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। बुधवार देर रात जैसे ही उनकी बाइक फरीदपुर टोल प्लाजा पर पहुंची की तभी बाइक को अज्ञात वाहन ने पीछे से रौंद दिया । हादसा इतना जबरदस्त था की रविंद्र के चीथड़े रोड पर दूर दूर तक बिखर गए । काफी दूर तक रविंद्र के शव के टुकड़े बिखरे पड़े हुए थे। हादसे के बाद वाहन चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को इकठ्ठा कर के पंचनामा पर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और उनके घायल साथी को उपचार हेतु बरेली के निजी अस्पताल भेज दिया हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। मृतक रविंदर डॉक्टर की प्रैक्टिस करते थे। मृतक के तीन बच्चे हैं और चार भाइयों में तीसरे नंबर पर रविंद्र थे जो की डॉक्टरी के साथ-साथ खेती किसानी भी करते थे। मृतक की पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है।

### टैंकर से कुचल कर युवक की मौत

**बहेड़ी, अमृत विचार** :नैनीताल रोड आज फिर खून से लाल हो गया। बहेड़ी से दो किलोमीटर दूर ओमेगा स्कूल के सामने एक टैंकर की टककर से बाइक सवार की मौत हो गई ।टैंकर का चालक टैंकर छोड़ कर भाग गया ।जानकारी के मुताबिक रात 7 :30 बजे गांव मंडनपुर के ज़ाकिर हुसैन का 19 वर्षीय बेटा शाइन बाइक से बहेड़ी से अपने गांव जा रहा था, तभी पीछे से आ रहे टैंकर ने उसको टक्कर मार दी। बताते हैं कि टैंकर काफी दूर तक बाइक को खींचते ले गया। टैंकर से बाइक सवार शाइन बुरी तरह कुचल गया, और उसकी मौके पर मौत हो गई ।शाइन की मौत की खबर लगते ही गांव के तमाम लोग मौके पर पहुँच गए। उसके घर वालों को हादसे की खबर दी गई। खबर लगते ही उसके घर में कोहराम मच गया। जवान बेटे की मौत की खबर से घर में मची चीख पुकार से तमाम लोगो की आँखों में आंसू आ गए। शाइन के पिता ज़ाकिर हुसैन मज़दूर हैं, और शाइन मोटर साइकिल की दुकान पर काम सीखता था।

# सामान लेने जा रही किशोरी से छेड़खानी, दो पर रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार** : घर के पास परचून की दुकान से 10 वर्षीय भाई के साथ सामान लेने जा रही 14 वर्षीय किशोरी के साथ दो लोगों ने अश्लील छेड़छाड़ की। विरोध पर गालियां दी और लात-घूंसों से पीटा। मारपीट में किशोरी के भाई की आंखों की रोशनी चली गई। जिसका इलाज दिल्ली के अस्पताल से कराया जा रहा है। किशोरी की मां ने मंगलवार को कैंट थाने में दो लोगों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी की रहने वाली महिला ने बताया, कि 22 मार्च को शाम उसकी नाबालिग बेटी छोटे भाई के साथ सामान लेने जा रही थी। रास्ते में पड़ोस के रहने वाले सावान तथा अय्यान मिलकर किशोरी के साथ अश्लील छेड़खानी करने लगे। वि

रोध करने पर गाली गलौज तथा लात-घूंसों से जमीन पर घसीट घसीट कर पीटा। चीखने चिल्लाने की आवाज पर किशोरी की नानी तथा मोहल्ले के अन्य लोग आ गए। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। मारपीट से किशोरी के 10 वर्षीय भाई की आंख की रोशनी चली गई है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पत्नी से मारपीट, पति को जबरन कार में पीटा

**नवाबगंज, अमृत विचार** : कस्बे में सोमवार शाम एक दंपति के साथ मारपीट और जबरन उठाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है कि नशे में धुत्त कुछ लोगों ने पहले गाली–गलौज की और विरोध करने पर महिला को लात मार दी। इसके बाद पति को कार में खींचकर ले जाकर बेरहमी से पीटा गया ।मोहल्ला चाणक्यपुरी निवासी शिवम मिश्रा अपनी पत्नी ज्योति मिश्रा और डेढ़ वर्षीय बेटी के साथ मंदिर के पास की गली से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रोशनलाल, उसका बेटा अनमोल और कुछ अन्य लोग उनसे उलझ पड़े और अभद्रता करने लगे। पीड़ित के अनुसार, विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी पत्नी के साथ मारपीट की। इसके बाद उसे जबरन कार में बैठाकर एक सुनसान प्लॉट पर ले जाया गया, जहां बेल्ट और लात–घूंसों से पिटाई की गई।

# आंवला सपा संगठन में गुटबाजी खत्म करूंगा



सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश प्रजापति पत्रकारों से बात करते।

संवाददाता, आंवला

- पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता की प्रेसवार्ता की जानकारी संगठन को नहीं

**अमृत विचार** : प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। भाजपा सरकार अपने कार्यकर्ताओं की ही नहीं सुन रही है। भाजपा के लोग भी परेशान है। आंवला में सपा संगठन में गुटबाजी खत्म करने का दावा सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डा. राकेश प्रजापति ने पत्रकारों से कही।

स्थानीय बैंक्वट हाल में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आज प्रदेश में कानून व्यवस्था धवस्त हैं। नगर में प्रजापति समाज हर मोहल्ले में बसा है । पूरी विधानसभा में हमारे समाज की अच्छी संख्या हैं । हमने विधानसभा की 42 ग्राम पंचायतों का दौरा किया हैं । भाजपा ने आंवला विधान सभा के लिए कुछ नही किया हैं कहा कि 1993 में सपा से महिपाल सिंह के चुनाव जीतने के बाद सपा लगातार गुटबाजी के चलते यहां बहुत थोड़े अन्तर 3500-5000 से चुनाव हारती रही हैं । उन्होंने इस गुटबाजी को खत्म करने की बात कही। पार्टी में गुटबाजी खत्म करने का दावा करने वाले राष्ट्रीय प्रवक्ता ने पत्रकारों से बातचीत की लेकिन उनके इस कार्यक्रम में संगठन का कोई प्रमुख पदाधिकारी ही नहीं मौजूद था। स्थानीय नेताओं ने प्रवक्ता के आने और प्रेस वार्ता करने की जानकारी से इंकार किया है।

### बाइक की टक्कर से महिला का पैर टूटकर लटका

**आंवला, अमृत विचार** : बाइक चला रहे युवक ने महिला को ऐसी टक्कर मारी कि उसका पैर टूटकर लटक गया है। मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित वीरेन्द्र निवासी थाना कुंवर गांव ने शिकायती पत्र में बताया की 27 अप्रेल को बहन चित्रवती के साथ टेपों से कनगांव बाजार में उतरे। तभी अज्ञात बाइक सवार ने टैम्पों से उतर रही बहन को टक्कर मार दी। जिससे उनका बाया पैर टूटकर लटक गया । उस समय में इलाज को कराया गया ।

# किताब भूलने पर छात्र की पिटाई, कान से निकला खून

संवाददाता, नवाबगंज

- स्कूल प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश, थाने में दी तहरीर

**अमृत विचार:** कस्बे के एक निजी स्कूल में शिक्षिका द्वारा कक्षा 5 के छात्र की कथित तौर पर बेरहमी से पिटाई का आरोप लगा है। किताब न लाने पर शिक्षिका द्वारा छात्र को घूंसे-थप्पड़ों से पीटने का आरोप है, जिससे उसके कान से खून निकलने लगा और सुनाई देना भी प्रभावित हो गया। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश है और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ लोगों में इस बात को लेकर बहुत नाराजगी है। मामले में परिजन ने पुलिस को तहरीर दी है।

ग्राम सूरजपुर परौरिया हाल निवासी बालाजीपुरम राजेश कुमार ने बताया कि उनका पुत्र ध्रुव सिंह ईंधजागीर के एक निजी स्कूल में कक्षा 5-ए का छात्र है। मंगलवार को वह स्कूल गया था। कला की कक्षा के दौरान जब शिक्षिका प्रियंका ने उससे किताब मांगी, तो बच्चे ने किताब घर पर भूल जाने की बात कही। आरोप है कि इसी बात पर शिक्षिका आपा खो बैठीं और छात्र को घूंसे व थप्पड़ों से बुरी तरह पीटने लगीं। इतना ही नहीं, कान पकड़कर जोर से थप्पड़ मारा, जिससे बच्चे के कान से खून बहने लगा और उसे सुनाई देने में भी दिक्कत होने लगी ।पीड़ित के पिता का कहना है कि जब उन्होंने इस बारे में शिक्षिका से शिकायत की, तो कहा कि अभी तो कम मारा है, अगली बार और बुरी तरह मारूंगी। इस घटना से परिवार भयभीत है और बच्चे की हालत को लेकर चिंतित है। परिजनों का आरोप है कि स्कूल में अनुशासन के नाम पर बच्चों के साथ क्रूर व्यवहार किया जा रहा है, जो बेहद निंदनीय है। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें 9756905552, 8445507002

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम मोहम्मद शाबान MOHAMMAD SHABAN व जन्म तिथि 11.11.1999 है। भूलवश दर्ज हो गया है, जबकि मेरा वास्तविक नाम मोहम्मद शाबान इफ्तिखार MOHAMMAD SHABAN IFTIKHAR व मेरी जन्म तिथि 21.02.2002 है, आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों में भी यही नाम व जन्म तिथि दर्ज है। **मोहम्मद शाबान इफ्तिखार पुत्र इफ्तिखार अहमद सिद्दीकी निवासी मकान नंबर 12 वार्ड नंबर 5 धौरा टांडा, तहसील व जिला बरेली।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र विपिन व पुत्रवधु कुसुमा देवी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारा व हमारे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **सरवन सिंह पुत्र गया सिंह व रामसत्तादेवी पत्नी सरवन सिंह निवासी ग्राम मानपुर कुलचौरा थाना सिविल लाइन्स तह. व जिला बदायूं।**

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल वर्ष 2011 अनुक्रमांक 0986126 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0749176 के अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गये है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिले है। **संगीता यादव पुत्री श्री राम सिंह निवासी ग्राम नगरिया खुर्द पो. खेड़ा बझेड़ा, जिला शाहजहाँपुर। मो. 9452881820**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र सुब्हान मुस्तफा व फैजान मुस्तफा के गलत आचरण व व्यवहार से क्षुब्ध होकर इन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कराते हुए सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। यह लोग अपने कृत्यों के लिये स्वयं जिम्मेदार होंगे। **अनवर मुस्तफा पुत्र स्व. हबीब उल्ला निवासी 60 भट्टा स्वालेनगर थाना किला जिला बरेली। मो. 8791756263**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2021 अनुक्रमांक 210814368 का अंकपत्र खराब हो गया है जिसके शब्द पढ़ने में नहीं आ रहे है। **धीरेन्द्र पाल सिंह पुत्र श्री धर्मेन्द्र पाल सिंह निवासी फरीदापुर इनायत खां तह. व जिला बरेली।**

**सूचना**
मेरे ड्राईविंग लाईसेंस में नाम भूलवश Dinesh Singh Yadav दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक Dinesh Yadav नाम है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी Dinesh Yadav ही दर्ज है। भविष्य में मुझे Dinesh Yadav नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **दिनेश यादव पुत्र श्री बदन सिंह यादव निवासी 5/108 आवास विकास फर्रूखाबाद।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैंने अपने पुत्र तफज्जुल हुसैन व उसकी पत्नी शहनाज बानो को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **मो. सद्दीक पुत्र मोहम्मददीन निवासी ग्राम अटंगा योगी तहसील नवाबगंज जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

न्यू श्री नारायणा हॉस्पिटल
डॉ. प्रदीप कुमार एम.बी.बी.एस., एम.एस. Retd. ACMO जनरल सर्जन
डॉ. जतिन कुमार एम.बी.बी.एस. एम.डी. जनरल मेडिसिन कन्सलटेंट फिजिशियन एवं क्रिटिकेयर स्पेशलिस्ट
डॉ. जयन्त वर्मा बी.डी.एस., एम.डी.एस. (ओरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
डॉ. राम निवास एम.बी.बी.एस. एम.डी. (एनेस्थेसियोलॉजिस्ट) जटिल एवं गम्भीर रोग विशेषज्ञ
डॉ. राजा गुप्ता जनरल फिजिशियन
नि:शुल्क शिविर 1 मई 2026 से 15 मई 2026 तक नि:शुल्क जाँच एवं परामर्श
डॉ. विवेक कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर
ठाकुर हरीश रावत चेयरमैन
समस्त प्रकार के दूरबीन व चीरे वाले ऑपरेशन की सुविधा 24x7 भर्ती एवं एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध
लाल फाटक शांतिकुंज स्कूल के पास, निकट ओवर ब्रिज, बदायूँ रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं. : 8057953868

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं: सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, डे केयर थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, कैंसर आईसीयू, फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री, मैमोग्राफी, कैंसर के रोकथाम की ओपीडी, इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more 9582831744, 9258116087, 8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

Lifelines OF BAREILLY — विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. ज़ुहीर उल हसन एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) कन्सलटेंट फिजीशियन — उम्मीद हॉस्पिटल एवं क्रिटिकल केयर, हेल्पलाइन नम्बर : 7037029092

फोकस नेत्रालय राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005

डॉ. नितिन अग्रवाल एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी) हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777 — 2D ECHO + TMT — APPLE CARDIAC CARE, ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. हारिस अंसारी एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी) — डॉ. एम. खान हॉस्पिटल, हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

जीवनी बोन & हैल्थ क्लीनिक — स्वास्थ्य शिविर दिनांक : 14 मई, 2026, समय : 10 बजे से 2 बजे तक — डा. विनय गंगवार, डा. अंचल अग्रवाल — 6396640323

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर — डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON — 8077344353 — ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

# तीन साल में पूरा नहीं हो सका टंकी का निर्माण

## दो दिन पहले फिर शुरू हुआ काम, टंकी का निर्माण विवादों में घिरा

संवाददाता, मीरगंज,

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के दर्जनों गावों में अभी जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत हर घर नल योजना के अनुसार घर घर पानी नहीं पहुंच सका है। गांव सुजातपुर में पेयजल व्यवस्था सुधारने के लिए बन रही पानी की टंकी विवादों में घिर गई है।

ग्राम प्रधानपति फिरोज अहमद ने निर्माण कार्य में भारी लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना कि तीन साल से चल रहा यह प्रोजेक्ट अभी तक पूरा नहीं हो सका है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। प्रधानपति ने बताया कि जब टंकी बनकर तैयार हुई तो उसका लिंटर पूरी तरह से क्रैक हो गया और पानी का रिसाव शुरू हो गया। इस गंभीर खामी के कारण जल निगम को टंकी तुड़वानी पड़ी। इसके बाद लगभग एक साल तक निर्माण कार्य पूरी तरह ठप रहा। हाल ही में, एक-दो दिन पहले ही काम दोबारा शुरू किया गया है। जल निगम की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।

प्रधानपति ने बताया कि गांव में अभी तक सभी घरों में पानी के कनेक्शन नहीं हो पाए हैं। उन्होंने बताया कि ट्रायल के दौरान जब पानी छोड़ा जाता है, तो लीकेज के कारण पानी सड़कों पर भर जाता है। इससे रास्ते खराब हो रहे हैं और लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है। तहसील आंवला में हुए एक हादसे के बाद ही यहां दोबारा काम शुरू किया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है। इसके अलावा गांव सिंधौली, पैगा नगरी, दियोरिया अब्दुल्लागंज, फिरोजपुर, सिल्लापुर सहित दर्जनों गावों में पानी की टंकी का कार्य अधूरा है। तहसील क्षेत्र के तमाम गांवों में ट्यूबवेल और पाइपलाइन बिछाने के बाद सिर्फ पेयजल आपूर्ति की टेस्टिंग करके छोड़ दी गई है।

पाइप लाइन बिछाने के बाद खोदी गई सड़कों की तमाम गांवों में मरम्मत ही नहीं हुई है। प्रधानपति ने गांव की जनता को सुविधा देने के लिए शुरु योजना का निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण कराने की मांग की है

**आंवला** में सरदार नगर में पानी की टंकी भरभरा कर ढहने पर बुधवार को आम आदमी पार्टी के नेताओं नितिन शर्मा , विनय सिंह ,रामसिंह मौर्य ने भाजपा सरकार की तीखी आलोचना की। भ्रष्टाचार पर तीखी आलोचना करते हुए कहा कि टंकी में निर्माण में जमकर धांधली हुई है ।।



अधूरी टंकी के पास ग्राम प्रधान पति और ग्रामीण । ● अमृत विचार

- **एक बार बनकर तैयार और लेंटर भी क्रैक हो चुका है**
- **जब जब ट्रायल हुआ पाइप में होने लगी है लीकेज, होता है जलजमाव**

# डॉक्टर पति ने हैक किया फोन, पत्नी ने लिखाई रिपोर्ट

संवाददाता, भोजीपुरा,

- **पत्नी के बैचमेट को फोन कर अभद्र बातें करने का आरोप**
- **महाराष्ट्र में पति पर दर्ज कराई है रिपोर्ट,यहां कर रहा परेशान**

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में तैनात एक जूनियर रेजिडेंट महिला डॉक्टर ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति ने न केवल उसका मोबाइल फोन हैक कर लिया है, बल्कि उसके सहपाठियों और रिश्तेदारों को फोन कर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है।

थाने में दर्ज रिपोर्ट में डॉक्टर सुधा एस ने कहा है कि उनका अपने पति अमन कुमार सिंह और ससुराल पक्ष के साथ विवाद चल रहा है, जिसके संबंध में उन्होंने पूर्व में महाराष्ट्र में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि 30 अप्रैल को पति ने उनके बैचमेट डॉ. सिद्धार्थ को फोन कर पीड़िता के बारे में अभद्र बातें कहीं और गाली-गलौज की। डॉक्टर सुधा का यह भी आरोप है कि उनके पति ने उनके चचेरे भाई दिव्यांश को भी फोन करके गाली-गलौज की और उसे जान से मारने की धमकी दी। इसके अलावा, पीड़िता की ननद तनुश्री पर आरोप है कि वह सुधा के अन्य बैचमेट्स निवेदिता, अनुश्री और जयंती को मैसेज भेजकर उनकी निजी जानकारी जुटा रही हैं, जिससे पीड़िता का मानसिक उत्पीड़न हो रहा है। पीड़िता ने शिकायत में कहा है कि पति द्वारा फोन हैक किए जाने और लगातार किए जा रहे मानसिक शोषण के कारण वह अपनी पढ़ाई और डॉक्टरी के काम पर ध्यान नहीं दे पा रही हैं। भोजीपुरा थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया है।

# चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर रुपये उड़ाए

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार:** हरियाणा से घर लौट रहा एक मजदूर रास्ते में जहरखुरानी गिरोह का शिकार हो गया। आरोप है कि हापुड़ में बस रुकने के दौरान दो युवकों ने उसे चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया और उसका नगदी से भरा बैग लेकर फरार हो गए। युवक को बेहोशी की हालत में होटल के पास छोड़ दिया गया।



भर्ती बबलू

थाना क्षेत्र के गांव गजरौला निवासी मोहन लाल का 25 वर्षीय पुत्र बबलू कश्यप हरियाणा में नारियल बेचने का काम करता है। वह पिछले पांच माह से वहीं मेहनत कर रहा था और मंगलवार को रोडवेज बस से बरेली लौट रहा था। यात्रा के दौरान उसके पास दो अज्ञात युवक आकर बैठ गए।

बताया जाता है कि हापुड़ में बस एक होटल के पास रुकी, जहां दोनों युवकों ने बबलू को चाय पीने के लिए कहा। चाय पीते ही कुछ देर बाद उसे चक्कर आने लगे और वह बेहोश हो गया।

इसी बीच दोनों युवक उसका बैग लेकर फरार हो गए। कुछ समय बाद स्थानीय लोगों ने युवक को होटल के पास अचेत अवस्था में देखा और डायल 108 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे हापुड़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। बुधवार सुबह पुलिस ने परिजनों को सूचना दी, तो परिन उसे नवाबगंज लाकर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराएउन्होंने बताया कि बैग में करीब एक लाख रुपये नकद, कपड़े और अन्य सामान रखा था।

# जातिसूचक टिप्पणी को लेकर पिता-पुत्र पर केस दर्ज

**मीरगंज, अमृत विचार :** शाही थाना क्षेत्र में एक विवाद ने गंभीर रूप ले लिया है, जहां जातिसूचक शब्दों के प्रयोग और फोन पर गोली मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गई है और पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी है।

मिली जानकारी के अनुसार कुल्छा गांव निवासी नरेश पाल ने 4 मई को शाही थाने में तहरीर दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नरेश पाल के मुताबिक, 3 मई को वह अपनी पत्नी और ससुर के साथ एक दावत से लौटते समय गणेशपुर में अपनी साली रीना के घर रुके थे। वहां उन्हें रीना के साथ घरेलू विवाद और मारपीट की जानकारी मिली, जिसमें उसके ससुर रामचंद्र पर मारपीट का आरोप है।

आरोप है कि बाद में दुनका बाजार में बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। इस दौरान बीच-बचाव करने पर रामचंद्र ने कथित तौर पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज की। आरोप है कि उसी शाम रीना के पति चंद्र प्रकाश ने फोन कर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। नरेश पाल का कहना है कि कॉल की ऑडियो रिकॉर्डिंग उनके पास मौजूद है।

थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस ने एहतियात के तौर पर निगरानी बढ़ाई है।

# अग्निकांड पीड़ित किसानों को दिये चेक

**मीरगंज, अमृत विचार:** बुधवार को मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना के अंतर्गत पीड़ित कृषकों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए मंडी परिषद के द्वारा चेक वितरण किया गया। आयोजन में अप्रैल माह में मीरगंज तहसील के ग्राम नथपुरा व मनकरा में कृषकों के गेहूं की फसल में आग लग गई थी।जिसके लिए मंडी परिषद द्वारा पीड़ित कुल 8 कृषकों को चेक के माध्यम से धनराशि प्रदान की गई थी। यह चेक विधायक डा. डीसी वर्मा ने पीड़ितों को दिये। विधायक डॉ. वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## न्यूज ब्रीफ

### 105 साल की बुजुर्ग महिला का इंतकाल

**बहेड़ी, अमृत विचार :** :शहर की 105 साल की बुज़ुर्ग महिला संजीदा का आज इंतक़ाल हो गया। स्वतंत्रता सेनानी मोहम्मद याकूब की वह बेटी थीं।करीब तीन दर्जन नाती-पोतों वाला भरा पूरा कुनबा वह अपने पीछे छोड़ गई हैं। बुज़ुर्ग महिला संजीदा पूरी ज़िन्दगी स्वस्थ रहीं।अभी 4 दिन पहले उनकी तबियत कुछ बिगड़ी थी, और आज दोपहर उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। स्वतन्त्रता सेनानी मोहम्मद याकूब की बेटी संजीदा की शादी अब्दुल गफ्फार से हुई थी। इनके दो बेटे और 5 बेटियां थीं। इस वक़्त इनके करीब 33 नाती पोते हैं। रात 10 :30 बजे उनको लाइन पार के कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक़ किया गया। उनके आखिरी सफर में बड़ी तादाद में लोग शामिल हुए।संजीदा बेगम, वरिष्ठ पत्रकार हसीब रिज़वी और समाजसेवी अलीम अहमद की नानी थीं।



### चोरों ने भैंस और पड्डा चुराया, रिपोर्ट दर्ज

**क्योलडिया, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव किशनापुर के भीमसेन पुत्र कोमल प्रसाद का मकान गांव के बाहर बाग में है। वहीं पर वह अपने परिवार के साथ रहते हैं बीती रात्रि वह अपनी पत्नी के साथ बरामदे में सो रहे थे रात्रि में करीब 12 :00 बजे अज्ञात चोर भैंस और पड़डा चुरा ले गए और हम पति-पत्नी ने देखा कि चोर पिकअप गाड़ी में भैंस और पडडा चढ़ा रहे थे विरोध करने पर उन्होंने गोली मारने की धमकी दी इससे पहले भी उसके घर से मोबाइल व पैसा चोरी हुआ था कर लगभग एक लाख रुपए के पशु चुराकर ले गए पुलिस ने तीन अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 9 को मनाई जाएगी महाराणा प्रताप की जयंती

**आंवला, अमृत विचार :** 9 मई को महाराणा प्रताप जयंती धूम धाम से मनाए जाने के संबंध में क्षत्रिय महासभा की एक आवश्यक बैठक सिंह कॉम्प्लेक्स एस . डी . एम . आवास के सामने तहसील पर शाम 5 बजे आहुत की गई ।

## न्यूज डायरी

### पंचायत सचिवों को दी स्वजनगणना की जानकारी



**शेरगढ़, अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार में ब्लॉक के पंचायत सहायकों एवं पंचायत सचिवों की बैठक में 7 मई से आरंभ होने वाले स्वजनगणना कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई। बुधवार को ब्लॉक सभागार में हुई बैठक में फार्मर आईडी को लेकर जोर दिया गया। एडीओ राजीव शर्मा ने स्वजनगणना की बारीकियां सुझाईं। एडीओ कृषि हरिनंदन प्रसाद ने बैठक में फार्मर आईडी को जरूरी बताते हुए किसानों की फार्मर आईडी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि फार्मर आईडी के बगैर कृषि विभाग की योजनाएं तो क्या, सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाएं भी मिलना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में गांव-गांव और घर-घर जाकर प्रचार प्रसार कर किसानों को जागरूक करने में सहयोगी बनें ताकि शत-प्रतिशत किसानों की फार्मर आईडी बनाई जा सके। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए भी जोर दिया गया। इस अवसर पर श्रीकृष्ण, इमरान खान सत्य प्रकाश गुप्ता, सुशील गंगवार, महेंद्र पाल सिंह, विकास गंगवार प्रेम प्रकाश शर्मा, मोहम्मद फिराज, कुसुम, अरविंद मौर्य रजत, शहर बी, अंजली, अनामिका सिंह, नीरज, निहारिका, गुलिस्ता आदि रहे।

### देवरनियां में बोर्ड परीक्षा में मेधावी छात्राओं का किया सम्मान



**देवरनियां, अमृत विचार :** ब्लाक रिछा दमखोदा के उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगदपुर की पूर्व छात्राओं को हाईस्कूल परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर बुधवार को विद्यालय में मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय सहायक अध्यापक और प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री बलवीर सिंह ने बताया कि स्कूल की पूर्व छात्रा आराधना गुर्जर और अर्चना 75 प्रतिशत, सृष्टि 64 प्रतिशत अंक हासिल कर हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण की है। तीनों छात्राओं को उनके द्वारा मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री बलवीर सिंह एवं सहायक अध्यापक भुवनेश प्रताप ने नियमित विद्यालय जाने एवं पूर्ण मनोयोग से शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया।

### मेधावियों को किया पुरस्कृत, खिले चेहरे



**सेंथल अमृत विचार :** सीबीएसई एवं यूपी बोर्ड की परीक्षाओ में उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों को स्कूल में सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ सबीन अहसन ने कहा कि शिक्षा सबसे बड़ी दौलत है इसे बांटने में संकोच नहीं करना चाहिए ।इस दौरान डॉ सबीन एवं डॉ अमीद मुराद ने मेधावी मूसा रजा, इताअत हैदर, आरिज जैदी, तूबा रजा, इजा जहरा, वामिक, काजी हमजा, गाजिया आबिद, मोहम्मद जैद अंसारी, चाहत, मोहम्मद जैश, नौशीन जहरा, अंशा, काशिफा आदि होनहारों को मेडल एवं ट्राफी दी तो उनके एवं अभिभावकों के चेहरे खिल उठे।

### बंगाल में भाजपा की जीत पर मिठाई बांटकर जताई खुशी



**क्योलड़िया, अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने कार्यकर्ताओं के साथ मिठाई बांटकर खुशी मनाई। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ने कहा की डबल इंजन की सरकार से अब बंगाल में विकास कार्य होगा एवं भय मुक्त सरकार होगी साथ ही असम एवं पांडिचेरी में सरकार बनने पर भी खुशी का इजहार किया गया है। इस दौरान ग्राम प्रधान हरिनंदन बलराम सिंह वेदपाल कनौजिया सत्येंद्र सिंह सर्वेश गंगवार हरपाल राजीव कुमार महेश पाल आदि रहे।




न्यूज ब्रीफ

### विवाहिता से पड़ोसी ने की छेड़छाड़, रिपोर्ट

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव की रहने वाली विवाहिता ने पड़ोसी युवक पर घर में घुसकर छेड़छाड़ व मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।बीती सोमवार की दोपहर को महिला का पति घर से बाहर गया था, महिला अपने एक वर्षीय बेटे के साथ घर पर अकेली थी। आरोप है कि उसी दौरान पड़ोस का संजय घर का दरवाजा खुला देख अंदर घुस आया। युवक के हाथ में तमंचा था और उसने तमंचा दिखाकर अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। विरोध करने पर आरोपी ने तमंचे की बट से मारपीट की और उसका सिर दीवार में मार दिया। उसी दौरान महिला की सास घर लौट आईं, जिनकी आवाज सुनकर आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़िता ने आरोपी को दबंग प्रवृत्ति का बताते हुए जान-माल का खतरा जताया है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जमीन के विवाद में युवक से मारपीट

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** गांव जादौपुर गोलीनगला में जमीन संबंधी विवाद को लेकर कुछ लोगों द्वारा युवक के साथ मारपीट की। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। गांव जादौपुर गोलीनगला निवासी राम ललित ने बताया कि बीती रात गांव के ही रामनिवास आदि उस पर मुकदमे में फैसला करने का दबाव बना रहे थे। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और फैसला न करने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपियों ने लात-घूंसों और डंडों से उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसके शरीर पर चोटें आईं। शोर-शराबा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ससुरालियों ने महिला को पीटा, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के कैलाशपुरम डेलापीर निवासी लक्ष्मी कुमारी ने बताया कि उसकी शादी नवंबर 2018 को कैंट थाना क्षेत्र के भरतौल निवासी राम सिंह के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद पति ने शराब के नशे में उसके साथ मारपीट की। वहीं, ससुराली मायके से दहेज लाने का दबाव बनाने लगे। महिला ने बताया उसका एक बच्चा भी है, लेकिन पति उसके लिए कोई खर्च भी नहीं देता है।

# जोधपुर-गोरखपुर विशेष ट्रेन का संचालन 21 से

## बरेली से होकर गुजरेगी साप्ताहिक ट्रेन, यात्रियों को मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने ग्रीष्मकाल में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए जोधपुर-गोरखपुर-जोधपुर साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचालन की घोषणा की है। गाड़ी संख्या 04829/04830 का संचालन जोधपुर से 21 मई से 9 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार और गोरखपुर से 22 मई से 10 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को कुल आठ फेरों के लिए किया जाएगा।

04829 जोधपुर-गोरखपुर साप्ताहिक विशेष ट्रेन जोधपुर से शाम 4:15 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मेड़ता रोड, डेगाना, डीडवाना, सुजानगढ़, चूरू, सादुलपुर, लोहारू, रेवाड़ी, गुड़गांव, दिल्ली, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जंक्शन, मनकापुर, बस्ती, खलीलाबाद होते हुए अगले दिन रात 8:50 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। मार्ग में विभिन्न प्रमुख स्टेशनों पर निर्धारित समयानुसार ठहराव रहेगा, जिससे यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में सुविधा मिलेगी। इस विशेष ट्रेन में यात्रियों की सुविधा हेतु कुल 20 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 2, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 4, शयनयान श्रेणी के 8, साधारण द्वितीय श्रेणी के 4 तथा एसएलआर/डी कोच के 2 कोच शामिल होंगे।

### लंबी दूरी के यात्रियों के लिए प्रतापनगर-लालकुआं सुपरफास्ट ट्रेन

**बरेली अमृत विचार :** गर्मियों में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने प्रतापनगर-लालकुआं के बीच 09119/09120 साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन मई और जून में निर्धारित तिथियों पर चलाई जाएगी, जिससे लंबी दूरी के यात्रियों को राहत मिलेगी। रेलवे के अनुसार 09119 ट्रेन हर रविवार को प्रतापनगर से चलेगी, जबकि 09120 हर सोमवार को लालकुआं से रवाना होगी। 09119 के पांच फेरे 10, 17, 24, 31 मई और 09120 के चार फेरे 11, 18, 25 मई को होंगे। वहीं, जून में 09119 के चार फेरे 7, 14, 21, 28 जून और 09120 के पांच फेरे 1, 8, 15, 22, 29 जून तय किए गए हैं। यह सुपरफास्ट ट्रेन वडोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, कोटा, मथुरा, कासगंज, बदायूं और बरेली सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। बरेली जंक्शन पर 09119 सुबह 9:55 बजे पहुंचेगी और 10 बजे रवाना होगी। वापसी में 09120 शाम 6:15 बजे आएगी और 6:20 बजे प्रस्थान करेगी। रेलवे ने समय सारणी जारी कर दी है।

### स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को परखने 14 को आएगी टीम

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को परखने के लिए नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) टीम के आगमन की तैयारी तेज कर दी गई है। 14 मई को टीम के आने की संभावना जताई जा रही है। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के साथ-साथ मरीजों को सुविधाजनक सेवाएं देने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ओपीडी परिसर में अस्पताल का नक्शा दीवारों पर पेंट कराया गया है, ताकि मरीजों को विभिन्न विभागों तक पहुंचने में आसानी हो सके। इसके अलावा सभी कक्षों के बाहर विभागों के नाम स्पष्ट रूप से लिखवाए गए हैं। अस्पताल के रिकॉर्ड को डिजिटल स्वरूप में बदलने का कार्य भी तेजी से जारी है, जिससे डेटा प्रबंधन और सेवाओं की निगरानी अधिक प्रभावी हो सके। अस्पताल प्रशासन का लक्ष्य है कि निरीक्षण के दौरान सभी मानकों पर खरा उतरते हुए एनक्वास प्रमाणन प्राप्त किया जा सके, जिससे मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## आवारा पशुओं से बढ़ी ग्रामीणों की मुश्किलें



भुता में सड़क पर मौजूद आवारा पशु दुर्घटना का कारण बन रहे। ● अमृत विचार

संवाददाता, भुता

**अमृत विचार :** क्षेत्र में आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या ने ग्रामीणों की परेशानियों को गंभीर रूप दे दिया है। कस्बे और आसपास के गांवों में जगह-जगह पशुओं के झुंड बैठे नजर आते हैं, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कई बार ये पशु अचानक राहगीरों पर हमला कर देते हैं, जिससे लोग चोटिल हो रहे हैं। वहीं आपस में लड़ते समय ये पशु सड़कों किनारे खड़े वाहनों और ठेलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

सबसे ज्यादा दिक्कत किसानों को हो रही है, जिन्हें दिनभर अपनी फसलों की रखवाली करनी पड़ रही है। आवारा पशुओं के झुंड खेतों में घुसकर तैयार फसल को रौंद देते हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मेहनत से तैयार की गई फसल कुछ ही पलों में बर्बाद हो जाती है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब ये पशु थाने के सामने और मुख्य मार्गों पर इकट्ठा होकर यातायात बाधित कर देते हैं। हटाने की कोशिश करने पर ये लोगों पर आक्रामक भी हो जाते हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए जल्द समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि आवारा पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जाए, ताकि उनकी देखरेख भी हो सके और लोगों को इस समस्या से राहत मिल सके।

> मैंने अभी कुछ समय पहले ही कार्यभार संभाला है। आवारा पशुओं को जल्द ही पकड़ कर पास की गौशाला में भेजा जाएगा। जिससे ग्रामीणों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो।
>
> -अर्जुन कुमार
> खंड विकास अधिकारी, भुता

### शाहाबाद रोड पर दो बाइकों की भिड़ंत, कई घायल

**सिरौली, अमृत विचार :** शाहाबाद रोड पर बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में कई लोग घायल हो गये हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार लेखराज 25 वर्ष पुत्र रामप्रसाद, निवासी शेखूपुर थाना शाहाबाद बाइक से अपने गांव शेखूपुर लौट रहे थे। जैसे ही वह शाहाबाद रोड पर पहुंचे दूसरी बाइक से उनकी सीधी टक्कर हो गई। उस पर सवार सिरौली के मोहल्ला गढ़ी निवासी कृष्णपाल पुत्र मानसिंह, अपनी पत्नी पिंकी और बच्चों के साथ बाजार जा रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार सभी लोग सड़क पर दूर जा गिरे।

पिंकी की हालत गंभीर बताई जा रही है। उनके पैर में फ्रेक्चर हो गया है और अत्यधिक खून बह गया है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने घटनास्थल से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

## शिक्षा में एआई की भूमिका बताई

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में बुधवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों एवं प्रशिक्षुओं को शिक्षा के क्षेत्र में ए.आई. की उपयोगिता, संभावनाओं और चुनौतियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में फ्यूचर यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस विभाग से असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जिलानी और डॉ. त्रिवेंद्र शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त संस्थान के प्रवक्ताओं डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. फेहमीना, ममता, दिनेश कुमार सिंह और विनोद कुमार ने भी ए.आई. के वर्तमान उपयोग और प्रभाव पर अपने विचार साझा किए।

वक्ताओं ने बताया कि ए.आई. शिक्षा व्यवस्था में तेजी से परिवर्तन ला रहा है और इसके माध्यम से व्यक्तिगत शिक्षण, शिक्षण सामग्री निर्माण, मूल्यांकन प्रक्रिया तथा विद्यार्थियों की सीखने की गति के अनुसार शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

सत्र के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न ए.आई.आधारित डिजिटल टूल्स का व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया गया। वक्ताओं ने जोर दिया कि ए.आई. शिक्षकों का स्थान लेने के लिए नहीं, बल्कि शिक्षण प्रक्रिया को अधिक रचनात्मक, प्रभावी और छात्र-केंद्रित बनाने के लिए उपयोग किया जाना चाहिए।

डॉ. कृष्ण कुमार ने कहा कि ए.आई.आधारित नवाचार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।



कार्यशाला में बोलते वक्ता व मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

### घर में घुसकर की मारपीट, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के अब्दुल्लापुर माफी निवासी रामबेटी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पड़ोस में रहने वाले सर्वेश, विकास, इन्द्रपाल व अर्जुन शराब पीकर घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी गई। बहू- बेटा बचाने आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 21/2026**

भारत क राष्ट्रपति की आर स एवं उनक लिय मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलव, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम स "खुली" निविदा आमंत्रित करते है:-

**क्रम सं.-1**, कार्य का विवरण: (1) एन.एस.जी.-6 स्टशनां (शाहबाज नगर, नौरिया हुसैनपुर, मझाला पकड़िया, बनबसा) पर एफ.ओ.बी. मं छत सहित रैंप का प्रावधान। (2) एन.एस.जी.-6 स्टेशनों (बाजपुर, खटीमा एवं रामनगर) पर एफओबी मं छत सहित रैंप का प्रावधान। (3) पूर्वोत्तर रेलवे क वमंइं/1/इज्जतनगर अनुभाग के अधिकार क्षेत्र में आने वाले एनएसजी-6 स्टशनां (रोसनपुर एवं पीपलसाना) पर एफओबी मं छत सहित रैंप का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयां मं: ₹ 16,62,03,815.92, बयाना राशि रूपयां में: ₹ 33,24,100 -, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि स कार्य पूर्ण करने की अवधि: 12 माह।

**क्रम सं.-2**, कार्य का विवरण: (1) एन.एस.जी.-6 स्टेशनों (चमरूआ एवं गूलरभाज) पर प्लटफार्म को हाई लवल तक उठाना। (2) पूर्वोत्तर रलव क समंइं/काशीपुर/इज्जतनगर अनुभाग क अधिकार क्षेत्र में अलीगंज स्टशन पर प्लेटफार्म-1 का मीडियम लवल से हाई लेवल एवं अलीगंज स्टेशन पर प्लटफार्म-2 को रेल लवेल स हाई लेवेल पर उठाना। अनुमानित लागत रूपयों मं: ₹ 13,93,63,594.58, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 27,87,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होन की तिथि स कार्य पूर्ण करने की अवधि: 12 माह।

(1) ई-निविदा दिनांक 28-05-2026 को 15:00 बज तक आनलाइन जमा कर सकंगे।

(2) ई-निविदा की प्रस्तुति हतु पूर्ण विवरण भारतीय रलवे के IREPS वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), इज्जतनगर

मुजाधि/डब्लू-78

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## हाईवे पर कट बंद, 10 किमी चक्कर लगा रहे ग्रामीण

- एंबुलेंस व स्कूली वाहनों का रूट प्रभावित, ग्रामीणों ने की डीएम से हस्तक्षेप की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-25 पर एक अहम कट बंद किए जाने से आसपास के गांवों के लोग परेशान हैं। करोपपुर समेत कई गांवों के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी अविनाश सिंह को ज्ञापन देकर समाधान की मांग उठाई है।

ग्रामीणों के अनुसार बट्टी-शाहजहांपुर मार्ग पर यह कट वर्षों से गांवों की मुख्य कनेक्टिविटी का जरिया था। इसके अचानक बंद होने से लोगों को अब करीब 10 किलोमीटर लंबा डाइवर्जन लेना पड़ रहा है। इसका असर दैनिक आवागमन, स्कूलों और स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है। बच्चों को स्कूल जाने के लिए रोजाना लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है, जिससे समय की बर्बादी के साथ-साथ उनकी सुरक्षा को भी खतरा बढ़ गया है। वहीं, आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं-एंबुलेंस को अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे गंभीर मरीजों के लिए जोखिम बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कट के पास पेट्रोल पंप निर्माण के चलते रास्ता बंद किया गया है।इस संबंध में पहले भी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (के अधिकारियों को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि या तो कट को तुरंत बहाल कराया जाए या फिर वैकल्पिक मार्ग की उचित व्यवस्था की जाए।

## हादसे में मौत, कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली,

**अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के मीरापुर निवासी महेश ने बताया कि उसका बड़ा भाई हीरालाल, सचिन, राहुल, नितिन 21 अप्रैल को ईको से बरात में शामिल होकर बभिया से धनेटा की तरफ आरहे थे। चालक प्रथम कुमार सिंह गाड़ी को तेजी और लापरवाही के साथ चला रहा था। गाड़ी परसाखेड़ा में रोड नंबर चार के पास पलट गई। हादसे में उसके भाई हीरालाल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सचिन की उपचार के दौरान 24 अप्रैल को मौत हो गई। महेश ने सीबीगंज थाने में तहरीर दे कार्रवाई की मांग की।

## आईसीटी लैब घोटाले में दो महीने बाद भी कार्रवाई नहीं

- यूटा जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री और उच्च अधिकारियों से शिकायत की चेतावनी दी

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में उच्च प्राथमिक विद्यालयों में आईसीटी लैब स्थापना और इनवर्टर-बैटरी खरीद से जुड़े मामले में दो महीने बाद भी कार्रवाई नहीं की गई।

आरोप है कि 1,35,000 रुपये आईसीटी लैब विकास और 38,000 रुपये इनवर्टर-बैटरी के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति के खातों में भेजे गए। इस प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। यूटा के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के अनुसार, कई विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों की जानकारी के बिना ही पीएफएमएस जनरेट होने से पहले स्कूलों के नाम बिल तैयार कर लिए गए। इतना ही नहीं, बीआरसी स्तर पर प्रधानाध्यापकों को बुलाकर पहले से तैयार बिल थमाए गए और उन्हीं फर्मों से सामग्री लेने का दबाव बनाया गया। मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई थी, जिसके बाद सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) द्वारा जांच शुरू की गई। जांच के तहत खंड शिक्षा अधिकारी को एक माह पहले नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। हालांकि, लगभग दो महीने बीत जाने के बावजूद अब तक कार्रवाई नहीं की गई है। आरोप यह भी है कि संबंधित फर्मों द्वारा कई स्कूलों में अभी तक पूरा सामान नहीं पहुंचाया गया है। जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे पुनः मुख्यमंत्री, उच्च अधिकारियों और जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग करेंगे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद दातागंज (बदायूं)**

पत्रांक : 83/न.पा.परि.दातागंज/2026-27 **विज्ञप्ति प्रकाशन** दिनांक : 06.05.26

शासन द्वारा उत्तर प्रदेश पार्क, खेल का मैदान और खुली जगह (विनिमय और नियंत्रण) नियमावली, 2025 लागू की गयी है। नियमावली के बिन्दु 4 में उल्लिखित "पार्को, खेल के मैदानों तथा खुली जगह की सूची की तैयारी-(1) स्थानीय निकायों द्वारा अपनी-अपनी अधिकारिता क्षेत्र से सम्बन्धित, पार्को, खेल के मैदानों और खुली जगह से सम्बन्ध में सूची तैयार की जायेगी" (2) सूची में पार्को, खेल के मैदानों तथा खुली जगहों की वार्ड वार क्रम संख्या, नाम, अवस्थिति, आकार/क्षेत्रफल तथा अन्य सुसंगत सूचनायें होगी। उक्त नियमावली के क्रियान्वयन हेतु नगर पालिका परिषद, दातागंज-बदायूं की सीमान्तर्गत आने वाले पार्को, खेल के मैदानों तथा खुली जगहों की सूची निम्न विवरण के अनुसार तैयार की गयी है। जिसका विवरण निम्नवत है :-

| क्र.सं. | वार्ड सं. | पार्क का नाम | अवस्थिति | क्षेत्रफल/आकार (लxचौ.) | अनुरक्षण, सफाई, सुन्दरीकरण आदि के लिए उठाये गये कदम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 01 | अम्बेडकर पार्क | अविकसित | 80x25=2000 वर्ग मी. | पार्क का सौन्दर्यकरण का कार्य प्रगति पर है। |
| 2. | 14 | शहीद पार्क | अविकसित | 15x15=225 वर्ग मी. | |
| 3. | 23 | मशाल पार्क | अविकसित | 12x10=120 वर्ग मी. | |
| 4. | 9 | खेल का मैदान | अविकसित | 65x23.39=1520 वर्ग मी. | खेल के मैदान पर अवैध कब्जा है जिसको हटाने हेतु नगर पालिका द्वारा कार्यवाही की जा रही है। |

अत: उपरोक्तानुसार पार्को, खेल के मैदानों तथा खुली जगहों की सूची नियमावली के बिन्दु 5 में दी गयी व्यवस्थानुसार प्रकाशित की जा रही है तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है कि विज्ञप्ति प्रकाशन के तीन माह के अन्दर उक्त सम्बन्ध में किसी को काई आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के उपरान्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद दातागंज, बदायूं — अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद दातागंज, बदायूं

**कार्यालय नगर पंचायत खुदागंज, जनपद-शाहजहाँपुर**

पत्रांक : 36/न.पं.खु./उ.प्र.-पा.खे.मै.सूची/2026-27 दिनांक : 05.05.2026

पार्क, खेल के मैदानों और खुली एवं खाली जगाहों की सूची

(नियम 4 देखें)

स्थानीय निकाय का नाम:- नगर पंचायत खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर

उ.प्र. पार्क, खेल के मैदान और खुली जगहें (संरक्षण और रेगुलेशन) एक्ट 1975 तथा उ.प्र. पार्क, खेल के मैदान और खुली एवं खाली जगहों (विनिमय और नियन्त्रण) नियमावली 2005 से आच्छादित, नियम 4 के अधीन नगर पंचायत खुदागंज, शाहजहाँपुर द्वारा निम्नवत सूची प्रकाशित की जाती है, यदि उक्त सूची पर किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रकाशन के 03 माह के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत खुदागंज/विहित प्राधिकारी को प्रेषित कर सकता है। निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त कोई आपत्ति ग्राहय नहीं होगी।

अनन्तिम सूची (प्रपत्र-1)

| क० सं० | नाम/गाटा सं० | वार्ड का नाम तथा संख्या | अवस्थिति | क्षेत्रफल/आकार ल०xचौ० | विस्तृत अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | — | मो0 साहूकारा वार्ड सं0 05 | पार्क | 440 वर्ग मी० | कान्हा गौशाला के निकट पार्क अवस्थित है। |
| 2 | 122 मि0 | नयागंज द्वितीय वार्ड सं0 02 | खुली जगह | 1300 वर्ग मी० | वैश्विक नगरोदय योजना के अन्तर्गत दुकानो (शॉपिंग कम्पलेक्स) का निर्माण प्रस्तावित है। |

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत खुदागंज, शाहजहाँपुर। — अध्यक्ष, नगर पंचायत खुदागंज, शाहजहाँपुर।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर जनपद-पीलीभीत**

पत्रांक : 820/न.पं.परि.बी./2026-27 **विज्ञप्ति प्रकाशन** दिनांक : 6.5.2026

शासन द्वारा उत्तर प्रदेश पार्क, खेल का मैदान और खुली जगह (विनिमय और नियन्त्रण) नियमावली, 2025 लागू की गयी है। नियमावली के बिन्दु 4 में उल्लिखित पार्क, "खेल के मैदानों और खुली जगह की सूची की तैयारी (1) स्थानीय निकायों द्वारा अपनी-अपनी अधिकारिता क्षेत्र से सम्बन्धित पार्को, खेल के मैदानों और खुली जगह के सम्बन्ध में सूची तैयार की जायेगी। (2) सूची में पार्को, खेल के मैदानों तथा खुली जगहों की वार्ड वार क्रम संख्या, नाम, अवस्थिति, आकार/क्षेत्रफल तथा अन्य सुसंगत सूचनायें होगी। उक्त नियमावली के क्रियान्वयन हेतु नगर पालिका परिषद बीसलपुर की सीमान्तर्गत आने वाले पार्को खेल के मैदानों तथा खुली जगहों की सूची निम्न विवरण के अनुसार तैयार की गयी है। जिसका विवरण निम्नवत् है :-

| क्र.सं. | नाम | अवस्थिति | क्षेत्रफल/आकार | अनुरक्षण सफाई सौन्दर्यकरण आदि के लिये उठाये गये कदम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | अम्बेडकर पार्क | वार्ड नं. 3 मो. दुर्गाप्रसाद | 400 वर्ग मी. | अम्बेडकर पार्क में प्रतिवर्ष अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर पार्क की रंगाई, पुताई पेन्ट एवं मरम्मत आदि तथा अन्य पार्को में भी समय-समय आवश्यकता नुसार अनुरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण आदि तथा नियमित रूप से सफाई करायी जाती है। |
| 2. | इन्दिरा पार्क | वार्ड नं. 06 मो. बख्तावरलाल | 550 वर्ग मी. | मुख्यमंत्री वैश्वियक नगरोदय योजना-2024-25 के अन्तर्गत पार्को के अनुरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया जा चुका है। |
| 3. | पटेल पार्क | वार्ड नं. 11, मो. पटेल नगर | 300 वर्ग मी. | |
| 4. | चन्द्रशेखर पार्क | वार्ड नं. 17, मो. बाजार कटरा | 45 वर्ग मी. | |
| 5. | सुभाष पार्क | वार्ड नं. 9, मो. हबीबुल्ला खां जनूबी | 900 वर्ग मी. | |
| 6. | खेल का मैदान | - | - | खेल का मैदान नहीं है। |
| 7. | खुली जगह | - | - | खुली जगह नहीं है। |

अत: उपरोक्तानुसार पार्को, खेल के मैदानों तथा खुली जगहों की सूची नियमावली के बिन्दु में दी गई व्यवस्थानुसार प्रकाशित की जा रही है तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है कि विज्ञप्ति प्रकाशन के तीन माह के अन्दर उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह नगर पालिका कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के उपरान्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी, न.पा.परि. बीसलपुर

**कार्यालय नगर पंचायत बिलसण्डा जनपद-पीलीभीत**

पत्रांक : 414/न.पं.बि./2026-27 **विज्ञप्ति प्रकाशन** दिनांक : 6.5.2026

शासन द्वारा उत्तर प्रदेश पार्क, खेल का मैदान और खुली जगह (विनिमय और नियन्त्रण) नियमावली, 2025 लागू की गयी है। नियमावली के बिन्दु 4 में उल्लिखित पार्क, "खेल के मैदानों और खुली जगह की सूची की तैयारी (1) स्थानीय निकायों द्वारा अपनी-अपनी अधिकारिता क्षेत्र से सम्बन्धित पार्को, खेल के मैदानों और खुली जगह के सम्बन्ध में सूची तैयार की जायेगी। (2) सूची में पार्को, खेल के मैदानों तथा खुली जगहों की वार्ड वार क्रम संख्या, नाम, अवस्थिति, आकार/क्षेत्रफल तथा अन्य सुसंगत सूचनायें होगी। उक्त नियमावली के क्रियान्वयन हेतु नगर पंचायत बिलसण्डा की सीमान्तर्गत आने वाले पार्को खेल के मैदानों तथा खुली जगहों की सूची निम्न विवरण के अनुसार तैयार की गयी है। जिसका विवरण निम्नवत् है :-

| क्र.सं. | नाम | अवस्थिति | क्षेत्रफल/आकार | अनुरक्षण सफाई सौन्दर्यकरण आदि के लिये उठाये गये कदम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | तिकुनिया पार्क | वार्ड नं. 3 मो. हाथीखाना | 100 वर्ग मी. | मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना 2024-25 के अन्तर्गत पार्को के अनुरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया जा चुका है। |
| 2. | खेल का मैदान | - | - | खेल का मैदान नहीं है। |
| 3. | खुली जगह | - | - | खुली जगह नहीं है। |

अत: उपरोक्तानुसार पार्को, खेल के मैदानों तथा खुली जगहों की सूची नियमावली के बिन्दु में दी गई व्यवस्थानुसार प्रकाशित की जा रही है तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है कि विज्ञप्ति प्रकाशन के तीन माह के अन्दर उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह नगर पंचायत कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के उपरान्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत बिलसण्डा

न्यूज ब्रीफ

## टीटीडी के ट्रस्ट को 2.5 करोड़ रुपये दान किए

**तिरुपति ।** कोलकाता स्थित एक संगठन ने बुधवार को टीटीडी के एसवी प्रनंदना ट्रस्ट को 2.5 करोड़ रुपये दान किए, जो गरीब मरीजों को मुफ्त चिकित्सा उपचार प्रदान करता है। मंदिर निकाय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, दानकर्ता संगठन के न्यासी अनुराग चौधरी ने तिरुमला स्थित अपने शिविर कार्यालय में टीटीडी अध्यक्ष को दान राशि सौंप दी। नवंबर 2001 में स्थापित एसवी प्रनंदना ट्रस्ट हृदय, गुर्दे, तंत्रिका संबंधी और कैंसर से संबंधित स्थितियों के साथ-साथ अन्य गंभीर बीमारियों सहित जानलेवा बीमारियों से पीड़ित आर्थिक रूप से कमजोर रोगियों को मुफ्त चिकित्सा उपचार प्रदान करवाता है।

## सूदखोरों से परेशान व्यक्ति ने की आत्महत्या

**भीलवाड़ा ।** राजस्थान में भीलवाड़ा के सुभाष नगर थाना क्षेत्र में सूदखोरों की प्रताड़ना से त्रस्त एक अधेड़ ने जहर का सेवन करके आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरसी व्यास कॉलोनी निवासी सूर्य प्रकाश दाधीच (51) ने मरने से पहले अपने साले को एक भावुक वीडियो सुसाइड नोट भेजा, जिसमें उन्होंने सूदखोरों से बच्चों को बचाने और परिवार का ख्याल रखने की गुहार लगाई है। मृतक के साले संजय तिवारी ने बताया कि सूर्य प्रकाश दाधीच जोधपुर के मरुधरा नर्सिंग कॉलेज में एलडीसी के पद पर कार्यरत थे। सूदखोर उनसे मूल राशि से 20 गुना अधिक पैसा वसूल चुके थे, लेकिन उनकी भूख शांत नहीं हुई। आरोप है कि सूदखोर न केवल सूर्य प्रकाश को, बल्कि अहमदाबाद में नौकरी कर रही उनकी बेटी और बेटे केशव को भी फोन करके लगातार धमकियां दे रहे थे।

## सूने घर से बीस लाख के आभूषण किए पार

**भरतपुर ।** राजस्थान में करौली जिला मुख्यालय की विवेक विहार कॉलोनी के एक सूने मकान से अज्ञात चोर मंगलवार रात करीब बीस लाख रुपये के आभूषण और घरेलू सामान चुराकर ले गए। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि बीमारी के इलाज के लिए जयपुर गए पीड़ित परिवार के घर हुई चोरी की जानकारी बुधवार शाम करीब पांच बजे लगी जब पड़ोसियों ने मकान का टूटा हुआ ताला देखा। इसके बाद परिजनों और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने बताया कि मुन्नालाल शर्मा, उनकी पत्नी ममता शर्मा और उनके एक बच्चे की तबियत खराब होने की वजह से वे उपचार के लिए जयपुर गए हुए थे।

## दो परिवारों के झगड़े में एक व्यक्ति की हत्या

**बीड ।** महाराष्ट्र के बीड जिले में दो परिवारों के बीच हुए झगड़े के बाद 55 वर्षीय एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को कैज तहसील में नाश्ते की एक दुकान के पास खुशालराम बलभीम थोम्ब्रे पर ग्राम पंचायत कर्मचारी मंगेश भरत माने (45) ने कथित तौर पर हमला किया। पुलिस के अनुसार, सोमवार रात थोम्ब्रे और माने के परिवारों के बीच विवाद हुआ था। हालांकि झगड़े के कारण के बारे में जानकारी नहीं दी।

## बिल्डर, अफसरों के खिलाफ चार्जशीट

**नई दिल्ली ।** सीबीआई ने वित्तीय संस्थानों और घर खरीदारों से कथित तौर पर धोखाधड़ी करने के मामले में ग्रेटर नोएडा से संचालित एवीजे डेवलपर्स (इंडिया) प्रालि और बैंक अधिकारियों और अन्य लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि सीबीआई ने यहां सीबीआई मामलों की एक विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है, जिसमें एवीजे डेवलपर्स, उसकी अनुषंगी कंपनी केसर बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड, उनके निदेशकों, बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारियों और अनाम घर खरीददरों को आरोपी बनाया है।

# निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के लिए कानून बनाना संसद का विशेषाधिकार

### अदालतें यह निर्देश नहीं दे सकतीं कि वह किस तरह का कानून बनाए : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को टिप्पणी की कि मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए कानून बनाना संसद का काम है और अदालतें विधायिका को यह निर्देश नहीं दे सकतीं कि उसे किस तरह का कानून बनाना चाहिए। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यावधि) अधिनियम, 2023 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह बात कही।

इस नए कानून के तहत निर्वाचन आयुक्तों के चयन समिति से भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को बाहर कर दिया गया है। पीठ ने स्पष्ट किया कि दो मार्च, 2023 के फैसले के माध्यम से चयन पैनल में मुख्य न्यायाधीश को शामिल करना केवल एक अस्थायी व्यवस्था थी, जो कानून की अनुपस्थिति में की गई थी। न्यायालय ने सवाल किया कि क्या अदालत संसद को चयन समिति में मुख्य न्यायाधीश को शामिल करने के लिए कानून बनाने का निर्देश दे सकती है। पीठ ने कहा, कानून बनाना संसद का विशेषाधिकार है। अदालतें संसद को कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकतीं। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसारिया और गोपाल शंकरनारायणन ने तर्क दिया कि नियुक्ति प्रक्रिया में कार्यपालिका का विशेष नियंत्रण नहीं होना चाहिए। उन्होंने दलील दी कि चयन समिति में मुख्य न्यायाधीश के स्थान पर प्रधानमंत्री द्वारा नामित कैबिनेट मंत्री को शामिल करने से संतुलन सरकार के पक्ष में झुक जाता है, जिससे निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है।



### रक्षा प्रतिष्ठानों के निकट निर्माण कार्यों के लिए देर से एनओसी लेना ठीक नहीं : बंबई उच्च न्यायालय

**मुंबई ।** बंबई उच्च न्यायालय ने यहां आईएनएस त्राता के पास स्थित दो आवासीय इमारतों के लिए कब्जा प्रमाणपत्र जारी करने का आदेश दिया और कहा कि रक्षा प्रतिष्ठानों के निकट निर्माण कार्यों के लिए देर से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) लेना ठीक नहीं है। न्यायमूर्ति जी. एस. कुलकर्णी और न्यायमूर्ति आरती साठे की पीठ ने पांच मई के फैसले में कहा कि रक्षा अधिकारियों से एनओसी हासिल करने के लिए संबंधित प्राधिकरणों को कानून की आवश्यकता के अनुसार उचित, निष्पक्ष और तर्कसंगत दृष्टिकोण अपनाना होगा। इस आदेश की प्रति बुधवार को उपलब्ध कराई गई। पीठ ने कहा कि यदि सुरक्षा चिंताओं और खतरे की आशंका को लेकर रक्षा अधिकारियों की दलीलों में वास्तव में कोई आधार है, तो कानून के अनुसार जो भी कदम जरूरी हों, वे (सैन्य प्रतिष्ठानों के पास) निर्माण गतिविधि की शुरुआत में ही उठाए जाने चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा, "ऐसे मामलों में लापरवाही नहीं हो सकती।

### बीसीआई का आंध्र हाईकोर्ट के न्यायाधीश के खिलाफ कार्रवाई का आग्रह

**नई दिल्ली ।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश द्वारा कथित तौर पर एक युवा वकील को प्रक्रियात्मक चूक के कारण 24 घंटे की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की बेहद चिंताजनक घटना पर बुधवार को प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत से तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध किया। बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा ने एक औपचारिक अभ्यावेदन में न्यायमूर्ति तरलादा राजशेखर राव के आचरण को अत्यंत अनुचित और बार के विश्वास को नुकसान पहुंचाने वाला बताया। उन्होंने मामले का तत्काल संज्ञान लेने और पारित आदेश आदि की वीडियो रिकॉर्डिंग मंगवाएं। समीक्षा लंबित रहने तक विद्वान न्यायाधीश से न्यायिक कार्य वापस लेने, उनका तत्काल किसी दूरस्थ उच्च न्यायालय में स्थानांतरण करने और न्यायालय प्रबंधन, न्यायिक बर्ताव, बार-बेंच संबंधों और अवमानना/न्यायिक अधिकार के आनुपातिक प्रयोग पर उचित न्यायिक प्रशिक्षण/अभिविन्यास के लिए उन्हें नामित करने सहित उचित प्रशासनिक कार्रवाई पर विचार किया जाए।

# बंगाल और तमिलनाडु में पीएम श्री योजना शुरू होने की उम्मीद

- दोनों राज्यों के मुख्य सचिवों को जल्द पत्र भेजेगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शिक्षा मंत्रालय पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर उनसे केंद्र की पीएम श्री (प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया) योजना को राज्य के सरकारी विद्यालयों में यथाशीघ्र लागू करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने का अनुरोध करेगा।

सूत्रों के मुताबिक यह कदम हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के परिणामों के बाद उठाया गया है। उनका कहना था कि चुनाव के बाद दोनों राज्यों का राजनीतिक परिदृश्य पूरी तरह से बदल गया है और केंद्र को उम्मीद है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)2020 से जुड़ी प्रमुख शिक्षा पहलों का क्रियान्वयन अब संभव हो सकेगा।

मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक पीएम-श्री योजना को जल्द से जल्द अपनाने के लिए आज या कल पत्र भेजे जाएंगे, जिसके तहत चयनित विद्यालयों को एनईपी 2020 के अनुरूप आदर्श संस्थानों के रूप में विकसित किया जाना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमें उम्मीद है कि अब राज्य सरकारें पीएम श्री योजना को लागू करेंगी। हम पीएम श्री योजना को लागू करने के लिए राज्य के मुख्य सचिवों को पत्र लिखेंगे। इससे पहले, पश्चिम बंगाल की तत्कालीन तृणमूल कांग्रेस सरकार और तमिलनाडु की द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) सरकार ने केंद्र प्रायोजित योजना में शामिल होने से इनकार कर दिया था।

अधिकारियों ने संकेत दिया कि हालिया चुनावी घटनाक्रम के बाद पश्चिम बंगाल में पीएम श्री योजना का कार्यान्वयन सुगम हो सकता है, जबकि तमिलनाडु में चंद्रशेखर जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) की विधानसभा चुनावों में जीत के बाद स्थिति अनिश्चित बनी हुई है।

**विद्यालयों को अनुकरणीय संस्थान बनाना उद्देश्य :** पीएम श्री योजना का उद्देश्य देश भर में 14,500 से अधिक विद्यालयों को अनुकरणीय संस्थानों के रूप में विकसित करना है जो एनईपी 2020 के कार्यान्वयन को आदर्श स्वरूप को प्रस्तुत कर सकें। इस मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार और कई विपक्ष शासित राज्यों के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो गई थी। पीएम-श्री के कार्यान्वयन को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर न करने पर केंद्र सरकार ने 2024-25 में केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, दिल्ली और पंजाब सहित राज्यों को समग्र शिक्षा अभियान के तहत मिलने वाली धनराशि रोक दी थी।

### 2022 में केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई थी योजना



पीएमश्री योजना भारत सरकार द्वारा 7 सितंबर 2022 को शुरू की गई एक केंद्र प्रायोजित योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य देश भर में 14,500 से अधिक सरकारी स्कूलों को अपग्रेड करके 'मॉडल स्कूल' के रूप में विकसित करना है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा प्रदान करें। योजना का पूरा नाम पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया है। यह योजना 2022-23 से 2026-27 तक 5 वर्षों के लिए है। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत बच्चों का समग्र विकास करना योजना का उद्देश्य है। स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक कंप्यूटर और विज्ञान प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, खेल के मैदान और 'हरित' पहल जैसे सौर ऊर्जा आदि इसकी विशेषताएं हैं। ये स्कूल समावेशी होंगे, जहाँ सभी छात्रों को सुरक्षित और प्रेरक वातावरण मिलेगा।

# ईसीआईनेट एप से तेज हुई चुनाव प्रक्रिया, सुरक्षा बढ़ी

- सूचना के त्वरित संप्रेषण में भी रहा प्रभावी : निर्वाचन आयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चुनाव आयोग ने कहा है कि हाल में हुए विधानसभा चुनाव और उपचुनाव के दौरान आयोग के आधिकारिक एप ईसीआईनेट सूचना के त्वरित संप्रेषण, चुनाव प्रक्रिया को व्यवस्थित करने के साथ ही सुदृढ़ साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुआ है।

आयोग के एक प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि उसके सशक्त सूचना प्रौद्योगिकी मंच ईसीआईनेट ने चुनावी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित बनाने के साथ ही तात्कालिक अनुश्रवण, शीघ्र प्रतिवेदन तथा पारदर्शिता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनका कहना था कि इस साल जनवरी में इस एप के औपचारिक शुभारंभ के बाद इसके उपयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और 10 करोड़ से अधिक बार इसे डाउनलोड किया जा चुका है। इससे पूर्व इसका बीटा संस्करण नवंबर में बिहार चुनावों में प्रयुक्त किया गया था। प्रवक्ता के अनुसार हाल ने हुए मतदान के दिनों नौ, 23 और 29 अप्रैल को ईसीआईनेट पर 98.3 करोड़ से अधिक हिट्स दर्ज की गईं, जबकि मतगणना के दिन चार मई को औसतन प्रति मिनट तीन करोड़ हिट्स दर्ज हुईं। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह एप अत्यधिक प्रयोग होने के वावजूद सुचारु रूप से कार्य करने में सक्षम है। उन्होंने बताया कि सुदृढ़ साइबर सुरक्षा प्रोटोकॉल के कारण मतगणना के दिन 68 लाख से अधिक दुर्भावनापूर्ण प्रयासों को प्रभावी ढंग से विफल किया गया।

## जेएनयू में एमबीए दाखिले का दूसरा चरण जल्द

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप (एबीवीएसएमई) में प्रवेश प्रक्रिया का दूसरा चरण जल्द शुरू होगा। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि एमबीए प्रवेश के लिए पंजीकरण 15 मई तक संपन्न होने की उम्मीद है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में एमबीए के लिए पंजीकरण अप्रैल के पहले सप्ताह में शुरू किया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू वाला अगला चरण जल्द ही शुरू होने की संभावना है। पूरी प्रक्रिया मई के अंत तक पूरी हो जाएगी और कक्षाएं जुलाई के दूसरे सप्ताह से शुरू होंगी। चयन मानदंड के अनुसार, प्रवेश उम्मीदवार के सीएटी स्कोर (70 प्रतिशत), समूह चर्चा (10 प्रतिशत) और व्यक्तिगत साक्षात्कार (20 प्रतिशत) के आधार पर होगा।

# मास्टर स्पेलर्स ग्रैंड फिनाले में पहुंचे 300 प्रतिभागी

- वडोदरा में तीन मई को आयोजित किया गया फाइनल राउंड

**वडोदरा ।** भारत की अग्रणी स्पेलिंग बी और अंग्रेजी भाषा प्रतियोगिताओं में से एक, मास्टर स्पेलर्स 2025-26 का ग्रैंड फिनाले 3 मई को फेडरेशन ऑफ गुजरात इंडस्ट्रीज सेंटर, वडोदरा में आयोजित किया गया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश भर के स्कूलों से लगभग 300 फाइनलिस्ट शामिल हुए और वर्तनी, शब्दावली, समझ, उच्चारण और भाषा प्रवीणता में उत्कृष्टता का जश्न मनाया।

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस (यूके) के सहयोग से आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिगता छात्रों को सीखने के अनूठे मिश्रण के माध्यम से अंग्रेजी भाषा पर पकड़ मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित करता है। हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में छात्र ऑफलाइन राष्ट्रीय फाइनल के लिए क्वालीफाई करने से पहले पूरे वर्ष कई ऑनलाइन राउंड में भाग लेते हैं। ग्रैंड फिनाले में मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, कोयंबटूर, पुणे, गोवा, अहमदाबाद, राजकोट, इंदौर, नागपुर, वडोदरा, वाराणसी, गुरुग्राम और कई अन्य शहरों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**सात छात्रों को मास्टर स्पेलर का ताज :** प्रतियोगिता के 2025-26 सत्र में अलग-अलग आयु वर्ग में सात छात्रों को मास्टर स्पेलर का खिताब दिया गया जिसमें कबीर राहुल शाह - नालंदा इंटरनेशनल स्कूल, वडोदरा (अल्फा - ग्रेड 1), समारा लवांडे - आदित्य बिड़ला वर्ल्ड एकेडमी, मुंबई (बीटा - ग्रेड 2), अदित प्रेमानंद - द इंडियन पब्लिक स्कूल, चेन्नई (गामा - ग्रेड 3 और 4), ऋषभ कुमार - वासुदेव सी. वाधवा आर्य विद्या मंदिर, मुंबई (डेल्टा - ग्रेड 5 और 6), तनिष केयूर ब्रह्मे - आनंद विद्या विहार, वडोदरा (एप्सिलॉन - ग्रेड 7 और 8), आयुष पारूलकर - नेवी चिल्ड्रेन स्कूल, गोवा (ज़ेटा - ग्रेड 9 और 10) और तान्या शर्मा - विबग्योर राइज़, पुणे (ओमेगा - ग्रेड 11 और 12) मिले।



उत्साह से लबरेज मास्टर स्पेलर्स ग्रैंड फिनाले 2025-26 में शामिल अभ्यर्थी।

## रथ यात्रा की तैयारी...



ओडिशा के पुरी में वार्षिक रथ यात्रा से पहले, भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों के लकड़ी के पहिए बनाते महाराणा सेवक (वंशानुगत बढ़ई)।

## चॉकलेट महाशीर बनी मेघालय की राजकीय मछली

**शिलांग।** मेघालय सरकार ने चॉकलेट महाशीर को प्रदेश की राजकीय मछली घोषित किया है। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने घोषणा की कि यह निर्णय मंगलवार को राज्य कैबिनेट की बैठक में लिया गया। उन्होंने कहा कि देश के कई अन्य राज्यों के विपरीत मेघालय ने अब तक किसी भी राज्य मछली को नामित नहीं किया था, इसलिए कैबिनेट ने इस कमी को पूरा करने के लिए चॉकलेट महाशीर को यह दर्जा देने का फैसला किया। संगमा ने कहा कि यह प्रजाति मेघालय की मूल निवासी है और यह निर्णय इस स्वदेशी मछली की सुरक्षा और संरक्षण को बढ़ावा देने पर जोर देने के लिए लिया गया है।

# उत्तरी और पश्चिमी भारत में 10 से 12 मई के बीच बदलेगा मौसम

- आईएमडी ने दी आंधी-तूफाने के साथ बारिश होने की चेतावनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिमी भारत में 10 से 12 मई के बीच आंधी-तूफान और बारिश का एक नया दौर शुरू होने की चेतावनी जारी की है। इस दौरान 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने और बिजली कड़कने की भी संभावना जताई है।

मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, बुधवार को उत्तर-पूर्वी भारत (अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय) के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ भारी बारिश हो सकती है और इसके साथ ही अगले 6-7 दिनों तक केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में छिटपुट गरज के साथ भारी बारिश का अनुमान जताया गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान देश के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज बदला रहा और केरल में भारी से बहुत भारी बारिश दर्ज की गई, जबकि उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ, महाराष्ट्र और दिल्ली में ओलावृष्टि की सूचना मिली है।

उत्तर-पश्चिमी भारत के जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पंजाब और हरियाणा में 10 से 12 मई के बीच बारिश और 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चल सकती हैं। पूर्वी और मध्य भारत के बिहार में आज ओलावृष्टि की संभावना है, जबकि पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों में नौ मई को 70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चल सकती है। विदर्भ और छत्तीसगढ़ में अगले पांच दिनों तक हल्की बारिश के आसार हैं। उत्तर-पश्चिमी भारत में 10 मई तक अधिकतम तापमान में 5-7 डिग्री सेल्सियस और मध्य भारत में 3-5 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने की संभावना है। नौ से 11 मई के दौरान पश्चिमी राजस्थान में लू (हीट वेव) चलने की चेतावनी दी गई है।

# डिजिटल रूप से काफी उन्नत होगा नासिक का कुंभ मेला

- मुख्यमंत्री फडणवीस ने पर्यावरण संबंधी चिंताओं को किया खारिज

**नासिक, एजेंसी**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि नासिक जिले में होने वाला आगामी सिंहस्थ कुंभ मेला अभी तक का सबसे अधिक डिजिटली उन्नत और पर्यावरण अनुकूल होगा।

फडणवीस ने कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य गोदावरी नदी के तट पर, प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग करते हुए, सबसे अधिक डिजिटल रूप से उन्नत कुंभ मेले का आयोजन करना है। उन्होंने पर्यावरणीय क्षति को लेकर जताई जा रही चिंताओं को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नासिक में जगह की कमी के बावजूद, सिंहस्थ कुंभ मेले में भारी भीड़ को कुशलतापूर्वक संभालने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करना चाहती है जबकि प्रयागराज में 4,000 हेक्टेयर के विशाल क्षेत्र में 2025 में यह विशाल धार्मिक समागम आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि प्रशासन तालमेल के साथ काम कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अगर श्रद्धालुओं की भीड़ बहुत ज्यादा भी हो, तो भी सहज और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध अनुभव मिले।

## दिल्ली में एक किशोर की गला घोंटकर हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने लापता 13 वर्षीय लड़के का शव बुधवार को बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार पीड़ित एक कुत्ते को दफनाने के लिए कुछ लोगों के साथ भाटी माइंस इलाके में गया था और बाद में वह लापता हो गया। लड़के की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि नौवीं कक्षा का यह छात्र मंगलवार शाम जब घर नहीं लौटा तब उसके परिवारवालों ने शिकायत दर्ज कराई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दक्षिण दिल्ली में तलाशी अभियान के दौरान, पास के जंगल से किशोर का शव बरामद किया।

एनसीआरबी के नए आंकड़े

वर्ष 2023 में 62 .41 लाख आपराधिक मामले जबकि 2024 में 58 .85 लाख मामले

# रिपोर्ट : देशभर में अपराध में छह प्रतिशत की आई कमी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा बुधवार को जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार देशभर में 2024 में 58.85 लाख अपराध के मामले दर्ज किए गए, जो वर्ष 2023 के 62.41 लाख मामलों की तुलना में छह प्रतिशत कम है। अपराध दर का आशय प्रति लाख जनसंख्या पर दर्ज अपराध के मामलों की संख्या से है।

अपराध दर वर्ष 2023 में 448.3 थी जो घटकर 2024 में 418.9 रह गई। आंकड़ों से पता चला कि भारतीय दंड संहिता की धारा 325, 326 और 329-335 के तहत चोट श्रेणी में दर्ज मामलों में 30.58 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है। चोट श्रेणी के तहत दर्ज मामलों की संख्या वर्ष 2023 में 6.36 लाख से अधिक थी जो वर्ष 2024 में घटकर 4.41 लाख से कुछ अधिक रह गई। हालांकि, रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि 'चोट या गंभीर चोट' के मामलों में गिरावट का कारण भारतीय न्याय संहिता में 2023 में किए गए बदलाव हो सकते हैं, जिसने भारतीय दंड संहिता का स्थान लिया है। इन संशोधनों के तहत इन धाराओं को मिला दिया गया है और साधारण ''चोट'' को संज्ञेय अपराध नहीं बनाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2024 के दौरान हत्या के कुल 27,049 मामले दर्ज किए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 2.4 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्शाते हैं।





इन अपराधों के पीछे मुख्य कारण विवाद था, इसके बाद व्यक्तिगत प्रतिशोध या शत्रुता और लाभ का स्थान रहा। महिलाओं के विरुद्ध अपराध में पिछले वर्ष की तुलना में 1.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई क्योंकि वर्ष 2024 में 4.41 लाख मामले दर्ज किए गए, जबकि वर्ष 2023 में यह संख्या 4.48 लाख थी। आंकड़ों के अनुसार पति या रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता ऐसे अपराधों का प्रमुख कारण था, इसके बाद अपहरण, नाबालिगों के खिलाफ अपराध और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उन पर हमला जैसे अपराध थे।

### महिलाओं से जुड़े अपराधों में भी आई कमी

रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रति लाख महिला आबादी पर दर्ज अपराध की दर 2024 में 64 .6 थी, जबकि 2023 में यह आंकड़ा 66 .2 था। रिपोर्ट में बताया गया है कि अनुसूचित जाति (एससी) के खिलाफ अपराध के कुल 55,698 मामले दर्ज किए गए, जो 2023 की तुलना में 3 .6 प्रतिशत की कमी दर्शाते हैं। वर्ष 2023 में 57,789 मामले दर्ज किए गए थे। अनुसूचित जनजातियों के खिलाफ अपराधों में भी 23 .1 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई, क्योंकि 2024 में कुल 9,966 मामले दर्ज किए गए जबकि 2023 में दर्ज मामलों की संख्या 12,960 थी।

